**06/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

सरकार द्वारा शुरू किए गए वस्तु एवं सेवा कर सुधारों के तहत बाईस सितंबर से उपभोक्ताओं के दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं पर कर की दरें कम हो जाएँगी। जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और अट्ठाईस प्रतिशत की चार-स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय संरचना में बदल दिया है। दवाओं और दूध से लेकर कार, साबुन और यहाँ तक कि आईपीएल टिकटों तक, जीएसटी परिषद द्वारा दरों में नवीनतम संशोधन से उपभोक्ताओं पर कर का बोझ काफी कम होने की उम्मीद है। डेयरी उत्पादों के लिए किए गए सुधारों के तहत, जीएसटी परिषद ने कई डेयरी उत्पादों को करों से छूट देने को मंजूरी दी है। पनीर, छेना और अल्ट्रा हाई टेम्परेचर मिल्क जैसी वस्तुएँ, जिन पर पाँच प्रतिशत जीएसटी लगता था, अब कर-मुक्त हैं।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनाइक ने आज देरा नातुंग राजकीय कॉलेज के सैतालीसवें स्थापना दिवस के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। दिवंगत शिक्षा मंत्री देरा नातुंग को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने लोगों से उसके दृष्टिकोण से प्रेरणा लेकर शिक्षा के महान कार्य के लिए खुद को समर्पित करके उनके विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। राज्य के अधिक उज्जवल भविष्य के लिए उन्होंने इसके प्रति सभी से सामूहिक प्रतिबद्धता की अपील की। राज्यपाल ने छात्रों को राष्ट्र की पथप्रदर्शक कहा।

इस अवसर पर उन्होंने राजीव गांधी विश्वविद्यालय के टॉपर, जॉनल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र और उत्कृष्ट पूर्व छात्रों सहित कॉलेज के एचिवर्स को सम्मानित किया। राज्यपाल ने डॉ. तुंबोम रीबा जोमोह द्वारा लिखी 'अरुणाचल प्रदेश के गालो लोकसाहित्य में स्त्री जीवन के विविध आयाम एक अध्याय' नामक किताब का विमोचन भी किया।

00000000000000000000

आपदा प्रबंधन विभाग ने ईटानगर स्थित आपदा प्रबंधन निदेशालय के सभागार में कल एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया। अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाना, रणनीतियाँ तैयार करना और राज्यभर में एक मज़बूत आपदा प्रतिक्रिया ढाँचा सुनिश्चित करने के लिए क्षमता निर्माण करना बैठक का लक्षःय था। बैठक की अध्यक्षता आपदा प्रबंधन सलाहकार, नाकाप नालो ने की। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संयुक्त सलाहकार डॉ. पी. के. सिंह, अंडर सेक्रेटेरी सरोज कुजूर सहित एसडीएमए, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और डीडीएमए के सदस्य भी बैठक में मौजूद थे।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में घोषणा किया कि साहसिक और प्रकृति प्रेमियों के लिए नया अवसर प्रदान करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के वास्ते हर वर्ष उनतीस दिसंबर से 2 जनवरी तक डोंग में पांच दिवसीय 'सन राइज़ फेस्टिवल' का आयोजन किया जाएगा। श्री खांडू ने लोगों से नव वर्ष की पहली सुबह को उगते सूरज की भूमि से स्वाग़त करने का आग्रह किया।

0000000000000000000

पापुम पारे जिले में स्वामित्व योजना के कार्यान्वयन के लिए दोईमुख अंचल के रोज़ पंचायत के तहत आने वाले सोपो और जाम्पा गाँव को पायलट विलेज के रूप में चयनित किया गया है। इसके चलते जिला प्रशासन, पंचायती राज विभाग और भू-प्रबंधन विभाग ने संयुक्त रूप से इन दोनों गाँवों में ग्राम सभा की बैठक बुलाई। इस अवसर पर डीएलआरएसओ नान्ने योवा ने पावरपॉइंट के जरिए स्वामित्व योजना के उद्देश्य और लाभ के बारे में प्रेजेंटेशन के जरिए जानकारी दी। गौरतलब है कि स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण भारत के लिए एक एकीकृत संपत्ति, सत्यापन, समाधान प्रदान करते हुए बेहतर भूमि स्वामित्व स्पष्टता, नियोजन और विकास का मार्ग प्रशस्त करना है।

0000000000000000000

सीमा सड़क संगठन परियोजना ब्रह्मांक ने ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में आउटरीच एक्सचेंज प्रोग्राम आयोजन किया। इसका उद्देश्य युवाओं को संगठन के साथ एक सार्थक करियर पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करने सहित सीमा सड़क संगठन कर्मियों और स्थानीय नाग़रिक प्रशासन, शिक्षाविदो और युवाओं के बीच संरचित जुड़ाव को बढ़ावा देते हुए दशको से BRO का मिशन और योगदान के बारे में जागरुक करना था। यह कार्यक्रम पहली सितंबर से शुरु होकर आज संपन्न हुआ। इस एक्सचेंज मॉडल के तहत, बीआरओ की टीम ने प्रमुख संस्थानों के छात्र और संकाय सदस्यों ने ब्रह्मांक परियोजना के मुख्यालय का दौरा किया।

000000000000000000

दापोरिजो स्थित सरकारी बाज़ार मिडिल स्कूल ने कल अपनी स्वर्ण जयंती मनाई। स्कूल की स्थापना उन्नीस सौ पचहत्तर में हुई थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक तानिया सोकी ने कहा कि स्कूल को आधुनिक शिक्षण दिशानिर्देशों और मानदंडों का पालन करते हुए आधुनिक शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा क्षेत्र के प्रति समर्पित है और इस पर पूरा ध्यान दे रही है। श्री सोकी ने इस बात पर प्रकाश डाला और चिंता व्यक्त की कि वर्तमान परिदृश्य की माँग के अनुसार स्कूल के बुनियादी ढाँचे में बदलाव की आवश्यकता है। अपर सुबनसिरी के उपायुक्त तासो गाम्बो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

000000000000000000

कपड़ा एवं हथकरघा मंत्री न्यातो दुकाम ने आज पासीघाट में नए जिला एंपोरियम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में, श्री दुकाम ने इसे स्वयं सहायता समूहों, बुनकरों और कारीगरों के नवीन उत्पादो के विपणन के लिए एक जीवंत केंद्र बनाने और सहीं मायने में राज्य सरकार द्वारा हथकरघा सेक्टर को सशक्त कर "वोकल फ़ॉर लोकल" का प्रचार प्रसार करने को कहा। यह नई एम्पोरियम चरणबद्ध तरीके से राज्य के जिला सरकारी एंपोरियमो को सुधारने और उन्नयन करने की परियोजना है।

0000000000000000